an>

Title: Need to provide irrigation facilities to unirrigated parts of Bhagesar area in Allahabad Parliamentary Constituency.

श्री श्यामा चरण गुप्त (इलाहाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र में स्थित कुरांव इलाहबाद में सिरसी अधवां डैम से बेलन प्रखण्ड से सिंचाई होती है। ग्राम सभा भगेसर की सिंचाई इसी नहर से होती है, जिसका कुछ क्षेत्र असिंचित है। उसे सिंचित करने हेतु शाखा का विस्तार किया जाए और बेलन नदी में यदि एक लिफ्ट नहर से एक छोटी शाखा चेक डैम आदि की व्यवस्था हो जाए तो काफी क्षेत्र सिंचित हो सकता है और किसान खुशहाल हो सकते हैं। यदि किसानों को लगातार पानी मिलता रहा तो जानवरों को पीने का पानी और हरे चारे की व्यवस्था हो सकती है, जिससे उपलब्ध संसाधनों का समुचित इस्तेमाल किया जा सकता है। अतः निवेदन है कि शासन इसमें अविलंब कार्यवाही करने की कृपा करे और कोशिश हो तो जल्द से जल्दी यह कार्य किया जाए, क्योंकि हमारे यहां सूखा से बहुत ही तकलीफ है।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra and

Shri Keshav Prasad Maurya are permitted to associate with the issue raised by Shri Shyama Charan Gupta.